STANDARD 10 HINDI -EPISODE 10 DATE 24-08-2021

पाठ का नाम : आई एम कलाम के बहाने

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) ' आई एम कलाम के बहाने ' पाठ किस विधा का है ?

आई एम कलाम के बहाने एक फिल्मी लेख है ।

2) आई एम कलाम के बहाने नामक फिल्मी लेख के लेखक कौन है??

मिहिर पांडेय |

3) आई एम कलाम के बहाने पाठ में लेखक ने किन- किन के जीवन की तुलना की है ?

लेखक ने अपने बचपन के दोस्त मोरपाल और आई एम कलाम फिल्म का नायक छोटू या कलाम के जीवन की तुलना की है।

4) आई एम कलाम फिल्म देखते समय लेखक को किसकी याद आती है ?

लेखक को अपने बचपन के दोस्त मोरपाल की याद आती है।

5) अंग्रेजी के मास्टर का नाम क्या है?

अंग्रेजी के मास्टर का नाम तिवारी है |

6) मिहिर और मोरपाल क्लास में पास पास बैठते थे। क्यों?

नाम का पहला अक्षर एक होने के कारण दोनों क्लास में पास पास बैठते थे।

7) ' बाँछें खिल जाना' का मतलब क्या है ?

प्रसन्न होना |

8) मिहिर की कमज़ोरी क्या है ?

मिहिर की कमज़ोरी छाछ है।

9) राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थी। किसकी ?

मोरपाल की |

10) ' हमारा सौदा था, खेल घंटी में खाने की अदला बदली का ' । इस घटना की याद में मिहिर अपनी डायरी लिखता है। वह डायरी कल्पना करके लिखें।

मिहिर की डायरी

तारीख :

आज भी मोरपाल मेरे लिए छाछ का डिब्बा लेकर आया था। वह जानता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है। दोपहर के भोजन के लिए वह छाछ ही, लाता था। मेरे टिफिन में राजमा देखते ही उसकी बाँछे खिल जाती थी। हमें खेल घंटी में अदला- बदली की आदत सी पड़ गयी थी। उसने मेरे टिफिन बॉक्स में रखे राजमा चावल को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। हमारी दोस्ती की सबसे बड़ी खुशी का वक्त खेल घंटी का हमारा सौदा ही था ।यह मैं कभी भी भूल नहीं सकता।

11) मोरपाल की विशेषताएँ क्या क्या है?

मेहनती लड़का, अच्छा दोस्त और वह पढ़ने में उत्सुक है।

12) मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुँचाना मिहिर के लिए आश्चर्य की बात थी। क्यों ?

मोरपाल स्कूल से पंद्रह किलोमीटर दूर से साइकिल चलाकर स्कूल आता था।

इसलिए मोरपाल के छाछ का डिब्बा बिना छलकाए स्कूल पहुंचाना मिहिर के लिए

आश्चर्य की बात थी।

नवीन शब्दार्थ

साथी - दोस्त

मतलब- അർത്ഥം

सही - ठीक, ശരിയായ

हिज्जा - Spelling

यानी -അതായത്

लुक - लुक के देखना - ഒളിഞ്ഞ് ഒളിഞ്ഞ് നോക്കുക

छलकना - തുളുമ്പുക

दूरी- पट्टी - floor mat, പായ

खाने का डिब्बा - lunch box

राजमा - ഒരു തരം പയർ

बाँछे खिल जाना - बहुत प्रसन्न होना

सौदा - കച്ചവടം

खेल घंटी - ഇടവേള

कमज़ोरी - ദൗര്ബല്യം

कतई - ഒരിക്കലും

खास- special.